आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27 .08.2026 समय : 02.10PM

**पीएम- खेलो इंडिया संवाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ पदक जीतने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं और खेल प्रतिभाओं को जोड़ने का माध्यम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के हर जिले में खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की क्षमता है। उन्होंने 5 से 15 वर्ष की उम्र के बच्चों में खेल प्रतिभा खोजने के लिए बड़े प्रतिभा खोज अभियान की बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर प्रवास के दौरान डुमना एयरपोर्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सहभागिता की। वहीं कटनी में सांसद वीडी शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि–

**रक्षामंत्री- जबलपुर**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज जबलपुर में 450 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले टी-सीरीज टैंक ओवरहॉलिंग प्रोजेक्ट का भूमिपूजन किया। यह कार्यक्रम व्हीकल फैक्टरी जबलपुर में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। रक्षामंत्री ने कहा कि इस परियोजना से रक्षा उपकरणों के रखरखाव और उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। और इस प्रोजेक्ट से जबलपुर की रक्षा क्षेत्र में भूमिका मजबूत होगी और महाकौशल क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

**मुख्यमंत्री-ओंकारेश्वर**

ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में पंचायतन मंदिर के निर्माण के लिए आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भूमि और शिला पूजन किया। मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी के साथ विधि-विधान से मंदिर निर्माण की नींव रखी। पूजन के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से विद्वान भी ओंकारेश्वर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ से पहले ओंकारेश्वर में मंदिर के साथ कई विकास कार्य और घाटों का निर्माण पूरा किया जाएगा।

**राज्यपाल-रक्षाबंधन**

प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह और अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा और पारिवारिक समरसता का संदेश देता है। राज्यपाल ने लोगों से सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करने की अपील की।

**जन विश्वास अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 अगस्त को बालाघाट जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में शामिल होंगे। रक्षाबंधन के अवकाश के कारण इस बार प्रदेशभर में शनिवार को यह अभियान आयोजित किया जाएगा। बालाघाट में मुख्यमंत्री जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन में चिन्हित शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। इसके साथ ही बैठक और समीक्षा के अलावा मीडिया संवाद और उद्योग संवाद भी होगा। अभियान के दौरान सभी जिलों में सरकारी आवासीय विद्यालयों, आश्रमों और छात्रावासों का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान वहां रहने वाले विद्यार्थियों और युवाओं से संवाद भी किया जाएगा।

**मौसम का हाल**

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है और पूर्वी और उत्तरी हिस्से के 17 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सागर, रीवा और शहडोल संभाग में अगले 24 घंटे के दौरान ढाई से चार इंच तक बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के 39 जिलों में अब तक सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है। वहीं 16 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है।

**कुछ समाचार संक्षेप में:-**

- कटनी के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में 'युवा कनेक्ट' कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, युवा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में शामिल हुए।
- **दतिया** जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित है। लगातार बारिश के चलते मौसम विभाग ने दतिया के लिए **येलो अलर्ट** जारी किया है।
- **शिवपुरी** जिले की तहसील बदरवास स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में 04 सितम्बर को एक दिवसीय श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा।

-----------------------------